**जे बी अकादमी**

**वार्षिक परीक्षा 2024-25**

**समय- 3 घण्टे** **कक्षा - 8, विषय-हिन्दी,संस्कृत** **पूर्णांक- 80**

**सामान्य निर्देश :**

**1. इस प्रश्न-पत्र के पाँच खण्ड हैं क, ख, ग, घ और ड.।**

**2.पाँचों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**3. यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।**

**4- उत्तर लेखन करते समय वर्तनी तथा लिखावट पर ध्यान दें ।**

**खण्ड- क (अपठित )**

प्रश्न-1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- **(5)**

मन कभी ख़ाली नहीं रहना चाहता ।सही विचार न हों तो व्यर्थ विचार चुपके से आकर व्यक्ति को बेचैन कर देते हैं।ये हमें अतीत की ओर ले जाते हैं और पुरानी बातें याद कराकर पछतावा पैदा करते हैं ,कि काश !हमने यह न किया होता हमें भविष्य की ओर ले जाते हैं जहाँ तरह- तरह की कल्पनाएं नाकामियों की आशंकाएं अनहोनी का डर बना रहता है। इन विचारों में नकारात्मकता होती है। ये हमें डराती हैं हमारे अंदर अपराध बोध और चिंता जैसे भाव पैदा करते हैं ।इनमें सच्चाई नहीं होती पर इनमें खोकर हम अपनों और अपने मित्रों से दूर होते जाते हैं ।ऐसे विचारों से ख़ुद को कैसे बचाया जाए ।हमारा मन अगर इन्ही में डूबा रहेगा तो हम हर समय संघर्ष व गुस्से से भरे रहेंगे। बिना सोचे-समझे दूसरों से कड़वा बोलेंगे ।एक ही उपाय है कि मन को ख़ाली न छोड़कर सही सोच से भरे रहें ।जीवन में अच्छी बुरी बातें होती रहती है। बुरी बातों के बारे में सोचकर मन को बेचैन करने की बजाए जो कुछ अच्छा हुआ है उसके बारे में सोचें और मन को ख़ुश रखें ।किसी की ग़लत बात याद आए तो फौरन किसी अच्छी बात को याद करने की कोशिश करें ।जब ये विचार परेशान करे कि काश!मैंने अपने लोगों के साथ यह न किया होता तो वो बात याद करें जो ख़ुशी देने वाली रही हो।हर बार हमें अपने किए हुए या कही हुई बात को बदलने का मौक़ा नहीं मिलता ।एक ग़लत बात की जगह दस ठीक बातें कही गई इसे याद करना याद करने से हमारे मन में शान्ति आएगी और ग़लत विचारों को जगह नहीं मिलेगी बार बार के अभ्यास से हारा मन शान्त हो जाएगा।

क- मन को कलुषित विचारों से बचाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन करें-

i- किसी अच्छी बात को याद करने की कोशिश करनी चाहिए व भविष्य के बारे में सोचना चाहिए

ii- अतीत के बारे में सोचने की कोशिश करनी चाहिए

iii- अपनों के बारे में सोचना चाहिए

iv- बुरी घटनाओं को याद करना चाहिए

ख- कौन से विचार हमारे अंदर डर और चिंता जैसे भाव उत्पन्न करते हैं-

i- विचारात्मक ii-सकारात्मक iii- भावात्मक iv- नकारात्मक

ग- लेखक ने मन को किस चीज़ से भरने की बात की है

i- विभिन्न विचारो से ii- सकारात्मक सोच से iii- भक्ति- भाव से iv- ईर्ष्या से

घ- अनहोनी में उपसर्ग और नकारात्मकता में लगे प्रत्यय हेतु सही विकल्प हैं -

i- अन ,कता ii- अन ,ता iii- अ, कता iv- होनी, अनेक

ङ हमें क्या सोचकर मन को ख़ुश रखना चाहिए

i – बीती बातें ii- दूसरों की बातें iii - अच्छी बातें iv- बचपन की बातें ली

प्रश्न 2- निम्नलिखित अपठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (5)

"पक्षियों में भी दिखी है रीति और नीति बंधु,
पशुओं में भी यहाँ पे संयम चरित्र है।
पादप जो जड़ हैं परोपकार वाले दिखे,
करती पिपासा शान्त नदियाँ पवित्र हैं ।
पाहन वनस्पति और औषधि लुटाते सदा,
कीट और पतंगों का निराला त्याग मित्र है।
गिद्ध भी न जीवित का माँस नोचते कदापि,
स्वार्थ नीति मानव की सब से विचित्र है।"

( i) पद्यांश में पवित्र शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया गया है**?**

**(क)** नादियों के लिए **(ख)** कुओं के लिए **(ग)** झरनो के लिए **(घ)** तालाबों

(ii) बन्धु शब्द का क्या अर्थ है?

(क) भाई (ख) रिश्तेदार (ग) पड़ोसी (घ) बहन

(iii) सबसे विचित्र स्वार्थ नीति किसकी है?

(क) वनस्पतियों की (ख) पहाड़ों की (ग) पशुओं की (घ) मनुष्यों की

(iv) जीवित शब्द का विलोम है

(क) मृत (ख) जीव (ग) जन्तु (घ) जीवन

(v) गिद्ध है-

(क) पशु (ग) पक्षी (ख) कीट (घ) पतंगा

## <u>खण्ड- ख (व्याकरण)</u>

प्रश्न 3- कॉलम I को कॉलम II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1)

| कॉलम - I | कॉलम - II |
|---|---|
| समस्त-पद विग्रह | भेद का नाम |
| 1-नीलकण्ठ- नीला है कण्ठ जिसका- शिव | (i) तत्पुरुष समास |
| 2. घुड़सवार - घोड़े पर सवार | (ii) द्वन्द्व समास |
| 3. सुख - दुःख सुख और दुःख | (iii) बहुब्रीहि समास |

**विकल्प**

(क) 1-(i), 2-(ii), 3-( ï ï )

(ख) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)

(ग) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii)

प्रश्न4- निम्नलिखित समस्त पदों का समास विग्रह करें- 1

आजीवन, दशानन

प्रश्न5- अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचान कर उनके भेद लिखिए 1+1=2

क- i - शायद कल रात पानी बरसा था ।

ii - मैं घूमने नहीं जाऊँगा ।

ख- कॉलम I को कॉलम II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -

| कॉलम - I | कॉलम - II |
|---|---|
| 1. शायद बाज़ार बंद है । | (i) आज्ञावाचक |
| 2. अरे ! तुम अभी तक स्कूल नहींगए। | (ii) संदेहवाचक |
| 3. रवि बाज़ार से सामान ले आओ। | (iii) विस्मयवाचक |

विकल्प

(क) 1-(i), 2-(ii), 3-( ï ï )

(ख) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)

(ग) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii)

प्रश्न6- निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द छाँटकर लिखें।अव्ययभेद भी लिखें। 1+1=2

क- अंग्रेजों के विरुद्ध देश में आंदोलन हुआ।

ख बाज़ार में लोग इधर-उधर घूम रहे हैं।

प्रश्न 7- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें

क- संधि करें । 1

जगत् +ईश =

सम्+ मोहन =

ख-निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कर भेद लिखें। 1

सूर्योदय, कमलासन

प्रश्न 8- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें।

क- निम्नलिखित मे से किस पंक्ति मे अनुप्रास अलंकार है? 1

i- काली घटा का घमण्ड घटा

ii- सत्य सनेह सील सुख सागर ।

iii- वह जिंदगी क्या जिंदगी जो सिर्फ पानी सी बहे

ख- निम्नलिखित पंक्ति मे कौन सा अलंकार है? 1

आगे नादिया पड़ी अपार , घोड़ा कैसे उतरे पार

राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार।

प्रश्न 9- निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित परसर्ग (कारक चिह्न ) लगाकर वाक्य पूरे कीजिए : 2

क- रोहित .........कविता सुनाई।

ख- कक्षा ........चालीस बच्चे बैठे हैं।

ग- रोहन ..........पिताजी आए हैं ।

घ-सीता साइकिल ……………..स्कूल जाती है।

## <u>खण्ड - ग ( साहित्य )</u>

प्रश्न10- निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढकर पूछे गये प्रश्नो के उत्तर दें - (5)

इस ज़िले में साइकिल की धूम मची हुई है ।इसकी प्रशंसकों में हैं महिला खेतिहर मज़दूर,पत्थर खदानों में मज़दूरी करने वाली औरतें और गांवों में काम करने वाली नर्सें ।बालवाड़ी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बेशक़ीमती पत्थरों को

तराशने में लगी औरतें और स्कूल की अध्यापिकाएं भी साइकिल का जमकर इस्तेमाल कर रही हैं ।ग्राम सेविकाएं और दोपहर का भोजन पहुँचाने वाली औरतें भी पीछे नहीं हैं। सबसे बड़ी संख्या उन लोगों की है जो अभी नव साक्षर हुई हैं ।जिस किसी नवसाक्षरों अथवा नई नई साइकिल चलाने वाली महिला से मैंने बात चीत की उसने साइकिल चलाने और अपनी व्यक्तिगत आज़ादी के बीच एक सीधा एक सीधा संबंध बताया ।

1- साइकिल चलाने की प्रशंसकों में कौन-कौन शामिल था ?

2- साइकिल चलाने और महिलाओं की व्यक्तिगत आजादी के बीच संबंध कैसे है ?

3- साइकिल का उपयोग किन कार्यों के लिए किया जा रहा?

4- साइकिल चलानेवालों में सबसे ज़्यादा संख्या किसकी है?

5- पाठ का नाम व लेखक का नाम लिखें ।

प्रश्न11- निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढकर पूछे गये प्रश्नो के उत्तर दे- 5

मैया कबहिं बढ़ेगी चोटी ?
किती बार मोहीं दूध पियत भई,
यह अजहूँ है छोटी।
तू जो कहत बल की बेनी ज्यों,ह्वैहै लांबी- मोटी।
काढ़त गुहत न्हवावत जैहे, नागिन सी भुईं लोटी।
काँचौ दूध पियावत पचि पचि, देति न माखन रोटी।
सूर चिरजीवौ दोऊ भैया, हरि हलधर की जोटी।

क- बालक श्री कृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

ख- कृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या सोच रहे थे?

ग- दूध की तुलना में श्री कृष्ण कौन से खाद्य पदार्थ
अधिक पसंद करते हैं?

घ- इस काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखें।

ड. – हरि और हलधर शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

प्रश्न 12- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें - 3+3=6

क- साहस मनुष्य को कठिन से कठिन परिस्थिति मे विचलित नहीं होने देता कैसे? बाज और साँप पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दें ।

**अथवा**

घायल होने के बाद भी बाज़ ने उड़ान भरी । क्यों ?अपने विचार लिखें ।

ख- श्रीकृष्ण ने सुदामा को बिना मांगे ही सब कुछ दे दिया था । सुदामा चरित पाठ के आधार पर बताइए कि सुदामा की दशा में क्या क्या परिवर्तन हुए?

**अथवा**

अंग्रेज के सामने बिलवासी जी ने झाऊलाल को पहचानने से इनकार क्यों कर दिया?आपके विचार से बिलवासी जी इतना अजीब व्यवहार क्यों कर रहे थे?

प्रश्न 13- निम्नलिखित प्रश्नों कमें से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें - 2+2+2+2=8

क-आवात गारी एक है उलटत होई अनेक ।
कह कबीर नहीं उलटिये वही एका की एक ।।

दोहे का अर्थ लिखें ।

ख- बिलवासी मिश्र ने झाउलाल की मदद कैसे की ?

ग- कबीर किस दोहे के माध्यम से किसी को छोटा न समझने की सीख देते हैं?

घ-सुदामा को अपनी पत्नी पर गुस्सा क्यों आ रहा था ?

ङ – द्वारपाल ने कृष्ण को क्या बताया?

च-बाज और साँप पाठ से क्या सीख (प्रेरणा) मिलती है?

प्रश्न14-निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दें - 8

क- साखी शब्द का क्या अर्थ है ?

ख - झाऊ लाल ने बेढंगे लोटे से पानी पीने में भलाई क्यों समझी?

ग- बाज और साँप पाठ किस विधा में लिखा गया है?

घ- तमिलनाडु के किस जिले में साइकिल आंदोलन शुरू हुआ?

ड.- आर साइकिल्स का मालिक साइकिल आंदोलन के पक्ष में था।क्यों??

च- अंग्रेज ने झाऊलाल का लोटा कितने में ख़रीदा?

छ- बिलवासी जी ने झाऊलाल को देने के लिए पैसों का प्रबंध कहाँ से किया था?

ज- "तेरो लाल मेरो माखन खायो " किसने किससे कहा?

झ- सुदामा चरित पाठ के रचयिता का नाम लिखें।

ञ- कबीर किसकी निंदा करने से मना करते हैं?

**खण्ड - ड. (संस्कृत)**

प्रश्न15- अधोलिखित अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दें- 3

श्रवण कुमारस्य कथा संसारे प्रसिद्धा अस्ति । श्रवणकुमारस्य माता च पिता च उभौ अंधौ वृद्धौ च आस्ताम् । स: मातृ पितृ भक्त: आसीत् । स: मात्रे च पित् च सर्वाणि सुखानि अयच्छत्। एकदा तौ तीर्थभ्रमणम् इच्छत: स्म:। स: एकाम विहंगिकाम् अरचयत् ।विहंगिकायाम् उपविशन्तौ पितरौ तीर्थयात्रायै स्व स्कंधायम् अवहत्। ।

1- कस्य कथा संसारे प्रसिद्धा अस्ति?
2- पितरौ किम् इच्छत: स्म?
3- श्रवण कुमार: पितरौ तीर्थयात्रायै किम अरचयत्?

प्रश्न 16-निम्नलिखित श्लोक का हिंदी अनुवाद करे- 2

सर्प दुर्जनयो: मध्ये वरम् सर्प: न तु दुर्जन:।
सर्प: दशति कालेन दुर्जन: तु पदे पदे ।।

प्रश्न 17- रिक्त स्थानों मे उचित शब्द भरकर पंक्ति पूरी करें - 2

क – --------------------- न माणिक्यं मौक्तिकम् न गजे गजे ।

ख-बुभुक्षित: किम न करोति ---------------------|

ग - वीरभोग्या ---------------------|

घ---------------------परमो धर्म:|

प्रश्न18-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए। 3

क- भारते कति ऋतव: भवन्ति? (षड्,पञ्च)

ख- भारतस्य मुख्य: शासक: क: अस्ति ? ( राष्ट्रपति:, प्रधानमंत्री)

ग- भारतस्य ध्वज: तिरंग: अस्ति। (सत्य, असत्य)

प्रश्न 19- निम्नलिखित शब्दों का सही मेल करिए- 2

| | |
|---|---|
| क- भारतभूमये | 1-हिन्दमहासागर: |
| ख- विशाल: | 2- कश्मीर प्रदेशं |
| ग- दक्षिणदिशायां | 3- भारतदेश: |
| घ-पृथिव्या:स्वर्गं | 4- नम: |

प्रश्न 20- निम्नलिखित सूक्तियों का हिंदी मे अनुवाद करें । 2

1- सर्वनाशे समुत्पन्ने अर्धम् त्यजति पण्डिता:।
2- आलस्यम ही मान्यष्याणां शरीरस्थो महारिपु:।

प्रश्न 21- निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखें - 1

क-सफल:

ख-दुर्जन:

प्रश्न 22-निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें- 1

सर्प:, पण्डित:

प्रश्न 23– निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अपने विचार 120 शब्दों में लिखें। 5

1- विद्यार्थी और अनुशासन -
संकेत बिन्दु -अनुशासन का अर्थ व प्रकार,मानव जीवन में अनुशासन का महत्त्व, विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता, उसके कारण,समाधान
2- इंटरनेट: क्रांति या भ्रांति?
संकेत बिंदु:-इंटरनेट क्या है?,सूचना का मुख्य साधन,लाभ तथा हानियाँ
3- प्रकृति की रक्षा: मानव की सुरक्षा
संकेत बिन्दु- मनुष्य प्रकृति का अंग ,प्रकृति से खिलवाड़,बढ़ता प्रदूषण,मनुष्य पर प्रदूषण का प्रभाव,दूर करने के उपाय

प्रश्न 24- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें - 5

1- आप राजीव हैं ।आप अपनी कक्षा के साथ पर्वतारोहण (ट्रेकिंग कैम्प) हेतु जाना चाहते हैं किंतु आपके पिता ऐसा नहीं चाहते। उन्हें इस कैम्प की उपयोगिता बताते हुए 100 शब्दों में पत्र लिखें ।

**अथवा**

आपकी कक्षा की नियमित साफ़ सफ़ाई नहीं हो रही। कक्षा की नियमित साफ़-सफ़ाई के संदर्भ में प्रधानाचार्य को पत्र लिखें ।